परिसर प्रतिबिंब

कुलपति की कलम से...

वर्तमान समय में संपूर्ण विश्व एक वैश्विक त्रासदी से साक्षात्कार कर रहा है। कोरोना रूपी महामारी ने विश्व भर में सामाजिक एवं मानवीय मूल्यों को नए स्वरूप में परिभाषित करने की आवश्यकता को जन्म दिया है। इस महामारी के फलस्वरूप संपूर्ण शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक व्यवस्थाओं के स्वरूप में भी आमूलचूल परिवर्तन अपेक्षित और दृष्टिगत हुए हैं। परंतु इसका एक सकारात्मक पक्ष यह है कि इस त्रासदी की अवधि में संपूर्ण विश्व भारत के मानवीय एवं सामाजिक - सांस्कृतिक मूल्यों को सहज भाव से अंगीकृत करने हेतु तत्पर दिखाई दे रहा है।

आपदाएं और विपदाएं मानव जीवन एवं समाज जीवन से प्रारंभिक काल से ही सम्बद्ध रही हैं। परंतु यह भी मानव सभ्यता के स्वर्णिम इतिहास का ध्रुव सत्य है कि प्रत्येक त्रासद काल के बाद मानव सभ्यता और अधिक सबल, सुदृढ़, सशक्त, आत्मनिर्भर और समृद्धिशाली बनी है। हमने प्रगति के नित्य नवीन सोपान गढ़े हैं और आज एक गौरवशाली अतीत की गाथा के साथ अपने समृद्ध वर्तमान के सृजन को तत्पर हैं। कोरोना त्रासदी से उत्पन्न परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाते हुए हम समाज जीवन और शिक्षा के क्षेत्र में नवीन प्रतिमान स्थापित करने को भी अग्रसर हैं। त्रासदी को भी सकारात्मक बनाना भारतीय संस्कृति की मूलभूत विशेषता है और हमने इस काल में अन्याय डिजिटल उपादनों की सहायता से शिक्षण के क्षेत्र में नवाचारों को अंगीकार किया है। अपने शिक्षार्थियों के अकादमिक उन्नयन के लिए महात्मा गाँधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय ने ई- विमर्श, ई- ज्ञान सीरीज, वेब संगोष्ठी, ई- वर्कशॉप, फेसबुक लाइव, ई- मीटिंग और पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन आदि के माध्यम से शिक्षण गतिविधियों को अधिक निष्ठा से संचालित किया और डिजिटल शिक्षा को एक नवीन दिशा दी। विषाद को आनंद में परिवर्तित करना एवं नकारात्मकता से सकारात्मक निकाल लेना ही हमारी संस्कृति की पहचान है और हम सभी एक बेहतर कल को लेकर आश्वस्त भी हैं और आशान्वित भी....

प्रो. संजीव कुमार शर्मा

भारतीय उच्च शिक्षा में महिलाएँ : चुनौतीयाँ एवं अवसर विषय पर राष्ट्रीय वेब संगोष्ठी आयोजित

उच्च शिक्षा में महिलाओं का अनुपात बढ़ा:- प्रो. संजीव कुमार शर्मा

महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी, बिहार एवं ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में 'भारतीय उच्च शिक्षा में महिलाएँ: चुनौतियाँ एवं अवसर' विषयक एक दिवसीय राष्ट्रीय वेब संगोष्ठी का आयोजन बुधवार, १७ जून को किया गया।

राष्ट्रीय वेब संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर संजीव कुमार शर्मा ने सभी वक्ताओं एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह वेब संगोष्ठी एक बहुत बड़े स्तर का शैक्षणिक अनुष्ठान है जिसमें विदेशों से भी कई प्रतिभागी सहभागिता कर रहे हैं। उन्होंने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि वर्तमान में सांख्यिकीय दृष्टि से उच्च शिक्षा में महिलाओं का अनुपात बढ़ा है। यह उत्साहवर्धक संकेत है। आज के इस संगोष्ठी के चारों अनुभवी वक्ताओं के विचार को सुनने के बाद उस पर विमर्श एवं चिंतन करके महिलाओं के लिए एक नए अवसर एवं पथ का सृजन हो सकेगा। संगोष्ठी का विषय बेहद महत्वपूर्ण व समकालीन है।

मुख्य अतिथि के तौर पर भारतीय विश्वविद्यालय संघ, नई दिल्ली की महासचिव डॉ. पंकज मित्तल ने कही कि आज हर क्षेत्र में महिलाएं आगे आई हैं। महिलाओं के प्रति मानसिक अवधारणाओं को भी बदलने की आवश्यकता है, जब हम बड़े- बड़े वैज्ञानिक, डॉक्टर के बारे में सोचते हैंतो हमारे मस्तिष्क में पुरुष की छवि बनती है और जब हम नर्स या रिसेप्शनिस्ट के बारे में सोचते हैं तो महिला की छवि बनती है। हमारे पुरुष प्रधान समाज में अब परिवर्तन हो रहा है, लेकिन आज भी ग्रामीण समाज में महिलाओं के उच्च शिक्षा एवं अवसर के बारे में पुरुष निर्णय लेते हैं। इसपर भी हमें विचार करना चाहिए।

परिवार प्रबंध करना भी एक बहुत बड़ी चुनौती है जिसे महिलाएं आसानी से करती हैं। अब बहुत सारे संस्थानों में छोटे-छोटे कौशल विकास वाले प्रशिक्षण कोर्स भी चलाए जा रहे हैं जिससे महिलाएं इस कोर्स को करके आत्मनिर्भर हो रही हैं। महिला कॉलेज एवं महिला विश्वविद्यालय की सचमुच जरूरत है। अंत में डॉ. पंकज मित्तल ने महिलाओं के लिए प्रेरणादायी बातें कही कि दुनिया में दो तरह के लोग होते हैं, पहला- जो वक्त के सांचे में ढल गए, दूसरा- जो वक्त के सांचे को बदल गए। यह आपको निर्णय लेना है कि आपको क्या करना है।

संगोष्ठी में विशिष्ट अतिथि के तौर पर ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय, ओड़िशा के कुलपति प्रो. आई रामब्रह्मम ने इस वेब संगोष्ठी के प्रति खुशी जाहिर करते हुए कहा कि महिला डिसीजन मेकर होती है। महिलाएं एक अच्छी प्रशासक, प्रबंधक एवं सलाहकार भी होती हैं। महिलाओं में समाज एवं देश को नेतृत्व देने की भी क्षमता होती है। उन्होंने कहा कि इस कोरोनाकाल में भी बहुत सारी महिलाएं समाज के साथ खड़ी दिखी। वे कोरोना योद्धा के रूप में काम की। उच्च शिक्षा में महिलाओं को और आगे आना चाहिए इसके लिए विश्वविद्यालय प्रशासन को भी विचार करने की आवश्यकता है।

संगोष्ठी में विशिष्ट अतिथि के तौर पर नालंदा विश्वविद्यालय, नालंदा, बिहार की कुलपति प्रो. सुनैना सिंह ने कही कि वेदों में भी स्त्रियों के शिक्षा-दीक्षा की बातें की गई है। प्राचीन समय में बालिकाओं को ललित कला की शिक्षा दी जाती थी। यजुर्वेद एवं ऋग्वेद में भी नारी को शिक्षा का अधिकार दिया गया है। शिक्षा से महिलाओं को वंचित रखना उसपर अत्याचार करने जैसा है। भारत की महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ी है। आज भी महिलाओं के सामने बहुत सारी चुनौतियां हैं, इन चुनौतियों को अवसर में बदलने की आवश्यकता है। महिलाएं हरेक परिस्थितियों का सामना कर सकती है एवं हर क्षेत्र में कुशल प्रतिनिधित्व कर सकती है। संगोष्ठी में विशिष्ट अतिथि के तौर पर एस.एन.डी.टी महिला विश्वविद्यालय, मुंबई, महाराष्ट्र की कुलपति प्रो. शशिकला वनजारी ने शिक्षा के प्रति स्वामी विवेकानंद के विचारों पर प्रकाश डालते हुए कही कि व्यक्ति का विकास शिक्षा से है। जो व्यक्ति प्रकृति से लड़ सकता है वह उसमें चैतन्य होता है। शिक्षा ऐसी हो जिससे चरित्र निर्माण हो सकें और मस्तिष्क का विकास हो सकें। भारत के शिक्षा व्यवस्था में महिलाओं को प्रथम प्रधानता देना चाहिए तब ही राष्ट्र का विकास होगा। महिलाओं की पवित्रता एवं गौरव शिक्षा के माध्यम से ही संभव है। उच्च शिक्षा के प्रति महिलाओं में जागरूकता भी बढ़ी है, यह सकारात्मक पहल है।

समाज और राष्ट्र उन्नति में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण :- डॉ. पंकज मित्तल

महिलाओं के विकास में पुरुषों का भी योगदान रहा है। महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के शोध और विकास संकाय के अधिष्ठाता एवं इस वेब संगोष्ठी के संयोजक प्रो. राजीव कुमार ने बताया कि इस राष्ट्रीय वेब संगोष्ठी में ८ हजार से अधिक प्रतिभागियों ने रजिस्ट्रेशन किया एवं देश के विभिन्न प्रांतों से एक हजार से अधिक लोगों ने जूम एप के माध्यम से इस कार्यक्रम में सहभागिता किया। साथ ही विदेशों से भी कई प्रतिभागी जुड़े थे। इस राष्ट्रीय वेब संगोष्ठी को विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से पचास हजार लोगों तक पहुंच बनाने का लक्ष्य था जिसमें हम सफल रहें। महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग की अध्यक्ष प्रो. शहाना मजूमदार राष्ट्रीय वेब संगोष्ठी की सह संयोजक थी। संचालन महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रबंधन विज्ञान विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सपना सुगंधा ने किया। अतिथियों का परिचय डॉ. प्रीति वाजपेयी, डॉ. सपना आदि ने दिया। धन्यवाद ज्ञापन राजनीति विज्ञान विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ सरिता तिवारी ने प्रस्तुत किया। संगोष्ठी में प्रो. अरुण कुमार भगत, प्रो. आनंद प्रकाश, प्रो. पवनेश कुमार सहित महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय एवं उड़ीसा केंद्रीय विश्वविद्यालय के सभी संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, शोधार्थी एवं विद्यार्थी सक्रिय रूप से जुड़े थे। तकनीकी गतिविधियों का संचालन व संयोजन महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय की पीआरओ शेफालिका मिश्रा एवं सिस्टम एनालिस्ट दीपक दिनकर ने किया।



MGCU During Covid- 19 Lockdown

During lockdown caused by the COVID-19 pandemic, the MGCU bolstered the academic enrichment of the student with innovative modes of teaching and learning well a head of other institutions. A brief sketch of these initiatives (from 24.03.2020 to 12.06.2020) would be illustrating

993	Power Point Presentation	07	E- Gyan Series
23	Facebook Live Session	30	Webinars
40	E- Vimarsh Lectures	14	Special Lectures
07	Official Meetings	03	Workshops/FDPs

स्वच्छ भारत

एक कदम स्वच्छता की ओर

कोरोनाकाल में शिक्षा की अवधारणा में महत्वपूर्ण परिवर्तन : प्रो. अग्निहोत्री

कोरोनाकाल में उच्च शिक्षा की चुनौतियाँ एवं समाधान विषय पर राष्ट्रीय वेब संगोष्ठी आयोजित

महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय मोतिहारी के मीडिया अध्ययन विभाग द्वारा कोरोनाकाल में उच्च शिक्षा की चुनौतियाँ एवं समाधान. विषयक एक दिवसीय राष्ट्रीय वेब संगोष्ठी का आयोजन शनिवार, ६ जून को किया गया। राष्ट्रीय वेब संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि विश्वविद्यालय के माध्यम अध्ययन विभाग का एक वर्ष भी पूर्ण नहीं हुआ लेकिन इस अल्पावधि में अनेक कार्यक्रम, संगोष्ठी, कार्यशाला, से. मिनार करते हुए इस कोरोनाक. ाल में भी लगातार कार्यक्रम का आयोजन करना, विश्वविद्यालय के लिए हर्ष की बात है। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन माध्यम से शिक्षा के सामने इंटरनेट कनेक्टिविटी भी एक चुनौती है। इस समस्या पर केंद्र सरकार और राज्य सरकार को भी आगे आने की जरूरत है। कोरोनाकाल में विकास का नया भारतीय प्रतिमान उभरकर सामने आया है जो इसका सकारात्मक पक्ष है। यह समय हमें सुसज्जित करने और बढ़लने का अवसर दिया है। इससे हमारी प्राथमिक. ताएं बढ़लेगी और आवश्यकताएं भी बढ़लेगी। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगि. की और शिक्षा का मिश्रण शिक्षक का विकल्प नहीं है। शिक्षक को सिर्फ शिक्षा ही नहीं देना होता बल्कि चरित्र, आचरण, व्यवहार भी देना होता है।

वेब संगोष्ठी में विषय प्रवर्तन कर रहे मीडिया अध्ययन विभाग के अध्यक्ष एवं अधिष्ठाता प्रो. अरुण कुमार भगत ने सभी वक्ताओं एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह एक प्रकार का विशाल शैक्षणिक अनुष्ठान है जिसमें हज. ारों प्रतिभागी जुड़े हैं एवं कई विद्व ान वक्ताओं से मंच सजा है। आज के इस विचार मंथन से ज्ञान रूपी अमृत प्राप्त होगा ऐसी मुझे आशा है। प्रो. भगत ने कहा कि कोरोना मानवता के समक्ष बहुत बड़ी विपदा है। भारत जैसे विशाल देश में शिक्षा की प्रासंगिकता महत्वपूर्ण है। कोरोनाकाल में शिक्षा की गुणवत्ता बरकरार रहे इसके लिए आज का यह वेब संगोष्ठी महत्वपूर्ण है। शिक्षा केवल संज्ञानात्मक कौशल प्राप्त करने का माध्यम नहीं है।यह एक जीवन मूल्य और जीवन शैली है। शिक्षा ज्ञान का उत्सव है। भारत की शिक्षा ऐसी हो जो विकासात्मक, न्यायसंगत एवं सकारात्मक सोच वाला नागरिक पैदा कर सके।




विशिष्ट अतिथि हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय, धर्मशाला के कुलपति प्रोफेसर कुलदीपचंद अग्निहोत्री ने इस संगोष्ठी को आयोजित करने वाले महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के मीडिया अध्ययन विभाग का नाम "मीडिया अध्ययन" रखने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि वास्तव में मीडिया को अध्ययन करने की जरूरत है। उन्होंने इस कोरोनाकाल में छोटे बच्चों के शिक्षा पर अपने विचार रखते हुए कहा कि यह अच्छी बात है कि इस कोरोनाकाल में छोटे बच्चे घर में ही रहकर अपने परिवार के साथ सुरक्षित रूप से पढ़ाई कर रहे हैं। क्योंकि इन छोटे बच्चों को कम उम्र में ही पढ़ाई के नाम पर घर से बाहर भेज दिया जाता है। आगे उन्होंने कहा कि इस कोरोनाकाल में यह बात पता चला कि शरीर के अंदर की मजबूती को बनाए रखना और स्वस्थ रहना यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। कोरोना चीन से आया यह बहस का विषय है, लेकिन पश्चिम से आए विकास के मॉडल पर इस कोरोना के कारण प्रश्न चिन्ह लग गया है। आज शिक्षा का मतलब सूचना का भंडार हो गया है। लेकिन वास्तव में शिक्षा आपके व्यवहार, आचार, चरित्र और मानवीय संवेदना का चीज है। श्रमिकों में पैदल चलने का साहस भारतीय समाज का सकारात्मक रूप है। यह समाज का एकात्म स्वरूप है। कोरोनाकाल में शिक्षा की अवधारणा में परिवर्तन हुआ है। प्रोफेसर अग्निहोत्री ने संवेग. ात्मक ढंग से भारतीय शिक्षा के पक्ष पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विश्वविद्यालयों एवं उच्च शिक्षण संस्थानों के सामने छात्रों का परीक्षा करवाना, कक्षाएं शुरू करवाना एवं अन्य शैक्षणिक कार्य शुरू करना एक चुनौती है जो अल्पकालीन चुनौती है। लेकिन जो सबसे महत्वपूर्ण सकारात्मक पक्ष है वह यह है कि भारतीय समाज ज्यादा ताकतवर होकर निकलेगा। भारतीय मूल की अवधारणा बदल जाएगी जो प्रकृति के नजदीक होगी।

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय, हमीरपुर के कुलपति प्रोफेसर एस. पी. बंसल ने कहा कि भारत में इस समय को अवसर में बदलने का वक्त है। इस कोरोनाकाल के बाद वैश्वीकरण की परिभाषा बदल जाएगी। उन्होंने इस संकटकाल में चीन की राजनीति पर भी सवाल उठाए और कहा कि चीन को विकासशील देशों के सूची में नहीं बल्कि विकसित देशों के सूची में होना चाहिए। आगे उन्होंने कहा कि शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जिससे मानवता का समग्र विकास हो सके। शिक्षा का अर्थ है कि मैं से हम की ओर और फिर हम से परिवार, समाज और राष्ट्र के बारे में सोचना। संस्कृत के बगैर संस्कृति की कल्पना नहीं किया जा सकती। उन्होंने सुझाव देते हुए कहा कि आने वाले समय में ऑनलाइन एजुकेशन भी एक परंपरा होनी चाहिए। विश्वविद्यालय स्तर पर छोटे-छोटे ऑनलाइन पाठ्यक्रम भी शुरू होने चाहिए ताकि कौशल विकास हो सके। भारत में शिक्षा का विस्तार हो गया है, लेकिन अब शिक्षा के विकास की बात करना होगा। भारत में हैप्पीनेस इंडेक्स को भी बढ़ाना होगा। आधुनिक शिक्षा के साथ परंपरागत शिक्षा को भी साथ लेकर चलना होगा साथ ही पाठ्यक्रमों में ऑनलाइन एजुकेशन भी शामिल हो।

झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति प्रोफेसर नंद कुमार यादव इंदु ने कहा कि उच्च शिक्षा केवल ज्ञान देने की जगह नहीं बल्कि ज्ञान क्रिएशन की जगह हो। ज्ञान का योगदान विकास में हो। रोजगार पाने के साथ रोजगार बनाने की भी जरूरत है। इस कोरोनाकाल में एक रास्ता बनाया गया कि ऑनलाइन माध्यम से भी हर चीज संभव है। लेकिन शिक्षक के व्यक्तित्व और आचरण से जो शिक्षा मिलती है वह ऑनलाइन माध्यम में संभव नहीं है। आगे उन्होंने कहा कि जो छात्र तकनीकी रूप से सक्षम नहीं है उन तक शिक्षा देना भी चुनौती है। ऑनलाइन एजुकेशन का एक नया मॉडल सामने आया है। इस कोरोना. काल में रिसर्च वर्क को बहुत बड़ा धक्का लगा है क्योंकि रिसर्च व्यवहारिक चीज है इस पर भी चिंता करने की जरूरत है। हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय, उत्तराखंड की हिंदी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर मंजुला राणा ने कहा कि इस विपदा के समय हम सभी को उच्च शिक्षा को आगे भी बढ़ाना है और कोरोना से भी लड़ना है। इस संकटकाल में सबसे बड़ी समस्या है कि दुर्गम स्थानों पर जो छात्र हैं उन तक पहुंच बनाना औरशिक्षा का प्रसार करना। भारतीय परंपराओं की रक्षा करते हुए छात्रों तक तकनीक का प्रयोग करते हुए शिक्षा को पहुंचाना एक चुनौती है। इस समय शिक्षक एक योद्धा की तरह है। समय के अनुसार ऑनला. इन शिक्षण देना एक शिक्षक का सामाजिक दायित्व है। इस समय बहुत सारे छात्र अवसाद में है, ऐसे सन्नाटे को तोड़ने के लिए छात्र को केंद्र में रखकर सकारात्मक पि. रवेश बनाना होगा। जब मानसिक स्थिति से छात्र स्वस्थ होगा तब ही विपदा का सामना कर सकता है। शिक्षक को सबल होना भी अनिवार्य है ताकि वे तकनीक से जुड़कर छात्रों के कौशल का विक. ास कर सके। राष्ट्रीय वेब संगोष्ठी का संचालन कार्यक्रम संयोजक मी. डिया अध्ययन विभाग के एसो. सिएट प्रोफेसर डॉक्टर प्रशांत कुमार ने किया। धन्यवाद ज्ञापन संगोष्ठी के सह-संयोजक मीडिया अध्ययन विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर परमात्मा कुमार मिश्र ने किया। संगोष्ठी के सह संयोजक मीडिया अध्ययन विभाग के असिस. टेंट प्रोफेसर डॉ साकेत रमण थे। संगोष्ठी में पूरे देश के विभिन्न प्रांतों से लगभग १५०० से अधिक पंजीकृत प्रतिभागी जुड़े हुए थे। साथ ही वि. भन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लगभग १९ हजार लोगों ने कार्यक्रम को देखा। यह वेब संगोष्ठी जूम ऐप के माध्यम से संचालित हुई। साथ ही विश्वविद्यालय के विभि. न्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी सीधा प्रसारण किया गया। इस संगोष्ठी का प्रसारण अन्य विश्वविद्यालयों के फेसबुक पेज सहित विभिन्न शैक्षणिक संगठनों के सोशल मीडिया पर भी किया गया। संगोष्ठी में विश्वविद्यालय के शोध एवं विकास संकाय के अधिष्ठाता प्रो. राजीव कुमार, मी. डिया अध्ययन विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अंजनी कुमार झा, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ सुनील दीपक घोडके, डॉ उमा यादव ,पीआरओ शेफालिका मिश्रा एवं सिस्टम एनालिस्ट दीपक दिनकर सहित विभिन्न विभागों के प्राध्यापक, शोधार्थी व विद्यार्थी उपस्थित रहें।

मनस्वी म्रियते कामं कार्पण्यं न तु गच्छति ।
अपि निर्वाणमायाति नानलो याति शीतताम् ।।

संकट से बचना है तो भारतीय परंपराओं का अनुकरण करना होगा – पद्मश्री अशोक भगत

केविवि में 'आत्मनिर्भर भारत: अवसर एवं चुनौतियाँ' विषय पर वेबिनार आयोजित

गांधी जी ने कहा था कि गांव के लोग गांव में ही रहें, स्थानीय कार्यों में संलग्न हों तो हम लोग विकास कर लेगें। लेकिन देश में औद्योगिकरण शुरु हुआ। उद्योगों के अमानवीय व्यवहार से लोग आज गांवों की ओर लौट रहे हैं। जो लोग लौट रहे हैं बहुत ही दयनीय ज़िंदगी जी रहे थे। इंसानों ने लालचवश प्रकृति का दोहन किया-शोषण किया तो प्रकृति ने भी बदला लिया और औकात बता दिया। हमें पुन: अपने मूल्यों की ओर लौटने की आवश्यकता है। तभी हम आत्मनिर्भर हो सकते हैं। देश के प्रधानमंत्री इसे महसूस कर रहे हैं और आत्मनिर्भर भारत के लिए कदम बढ़ाया है। लेकिन जो तंत्र है वह समर्पण के साथ सहयोग करे तो ही भारत आत्मनिर्भर होगा। ये बातें विकास भारती, झारखंड के सचिव पद्मश्री अशोक भगत ने महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय द्वारा आत्मनिर्भर भारत: अवसर एवं चुनौतियाँ' विषय पर आयोजित वेबिनार में बतौर मुख्य अतिथि कही। विशिष्ट अतिथि महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के कुलपति प्रो. टी.एन.सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि आज हम सभी लोग एक सूक्ष्म जीव के कारण लॉकडाउन हो गये हैं। दुनिया के बड़े-बड़े देश जो अपनी चौधराहट दिखाते थे, उन लोगों ने इसके आगे घुटने टेक दिये हैं। हम भारत के लोगों को भी अनेक तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है लेकिन भारत के लोगों के इरादे बहुत बड़े हैं। हम सभी भविष्य के भारत की चर्चा कर रहे हैं। आज इतनी बड़ी संख्या में जो लोग वापस घर आ रहे हैं। वे एक नये तरह की अनुभूति कर रहे हैं। स्वालम्बन के लिए भारतीय चिंतन के अनुसार हमारे पास जो है उस पर स्वाभिमान होना चाहिए। उसका सकारात्मक ढंग से उपयोग करना चाहिए।आज पूरा विश्व भारत की तरफ देख रहा है।

कोरोना को लेकर जो थोड़ी सी उम्मीद दिख रही है वह भारत से है। हमारे हर्बल उत्पादों में, आयुर्वेद में बहुत क्षमता है। फार्मा सेक्टर में संभावना है। भारत समेत पूरे विश्व के आईटी सेक्टर के संचालन में भारतीयों का बहुत योगदान है। इसका केंद्र भारत बने तो अपार संभावनाएं हैं। भारत दुनिया के लोगों को हाथ जोड़कर अभिवादन करना सीखा रहा है। दुनिया को यही संदेश है कि संकट से बचना है तो भारतीय परंपराओं का अनुकरण करें। बाहर से घर आने पर हाथ-पैर धोने, चप्पल बाहर उतारने और कपड़े साफ करने जैसे काम आज संकट पड़ने पर किया जा रहा है वह काम भारत में पहले से होता आ रहा है। आज उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए हम आगे बढ़ सकते हैं।

वेबिनार के मुख्य वक्ता, आईआईएम लखनऊ के प्रो.धर्मेंद्र सिंह रेंगर ने कहा कि भारत की आत्मा गांवों में रहती है। गांव का युवक आत्मनिर्भर होगा तो भारत आत्मनिर्भर होगा। जितनी बड़ी महामारी होती है बचाव तंत्र भी उतना ही मजबूत होना चाहिए। भारत में अर्ली वार्निंग सिस्टम स्थापित करना होगा और लोगों को इस पर विश्वास भी करना सीखाना होगा। आने वाले समय में क्लाइमेट चेंज के कारण वर्तमान संकट से भी बड़ी महामारी हो सकती है।

इससे बचने के लिए हमें डिजिटल टेक्नॉलॉजी को मजबूत करना होगा। हम आत्मनिर्भर भारत की चर्चा कर रहे हैं। गांव का आदमी तभी आत्म निर्भर होगा जब उस पर भी कोई निर्भर हो जाए। गांव का आदमी अपने उद्यम व सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर इतना सशक्त हो जाए कि बाजार उस पर निर्भर हो जाए। इस विषय पर ग्रामीण क्षेत्रों में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों व एनजीओ के लोगो को जाकर चर्चा करनी चाहिए और रास्ता निकालना चाहिए। विवि के कुलपति प्रो.संजीव कुमार शर्मा ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि वक्ताओं ने केवल सैद्धांतिक विषयों पर प्रकाश नहीं डाला बल्कि व्यवहारिक दृष्टि भी सामने रखी। प्रो.पवनेश कुमार व उनकी टीम की प्रशंसा करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरु की गयी योजना पर इतनी सार्थक चर्चा कराने के लिए आभार जताया। वेबिनार के संयोजक व प्रबंधन विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो. पवनेश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि तीनों ही वक्ता अपने-अपने क्षेत्र के विशेषज्ञ हैं। इन्होंने इतना सारगर्भित व सार्थक व्याख्यान दिया कि सहभागियो द्वारा उठाये गये सवालों के जवाब उसमें निहित है। प्रबंधन विज्ञान विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ.अल्का लल्हाल ने वेबिनार का संचालन किया जबकि सहायक प्रोफेसर डॉ.स्वाति कुमारी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर केविवि की डॉ.सपना सुगंधा, प्रो. विकास पारीक, डॉ. दिनेश व्यास, कमलेश कुमार समेत मारवनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय के डॉ.आदित्य मिश्रा समेत केविवि व देश भर के अन्य विश्वविद्यालयों से बड़ी संख्या में शिक्षक व विद्यार्थियों ने ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराई।

चीन के लिए भारत की सुरक्षा रणनीति: एक परिप्रेक्ष्य पर विशिष्ट व्याख्यान

महात्मा गाँधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी (बिहार) के राजनीति विज्ञान विभाग के तत्वाधान में एक विशिष्ट व्याख्यान (चीन के लिए भारत की सुरक्षा रणनीति: एक परिप्रेक्ष्य) का आयोजन ऑनलाइन (गूगल मीट) के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो संजीव कुमार शर्मा, माननीय कुलपति, महात्मा गाँधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, बिहार ने की।

वेबिनार में मुख्य वक्ता के रूप में ब्रिगेडियर (सेवानिवृत) अमेरिका स्थित राष्ट्रीय सुरक्षा विश्वविद्यालय से उपाधि प्राप्त और भारतीय सेना के स्ट्राइक कोर के कमान्डर रहे विवेक लाल ने कहा कि १४ देशों से घिरा हुआ चीन हमेशा भारतीय सीमा का अतिक्रमण करता रहता है। मंगोलिया, रूस, जापान, वियतनाम आदि सभी देश चीन से सशंकित हैं। ब्रिगेडियर लाल ने भारत- चीन संबंधों के ऐतिहासिक, भौगोलिक, सैन्य, कूटनीतिक, एवं सामरिक पहलुओं से भी श्रोताओं को अवगत कराया और भारत चीन संबंधों के विभिन्न आयामों तथा आजादी के बाद के दशकों में दोनों देशों के संबंधों में आये उतार-चढ़ाव पर चर्चा की। १९६२ के युद्ध और उसके परिणामों के मनोवैज्ञानिक पहलुओं पर बात करते हुए श्री लाल ने कहा कि भारत उस युद्ध से काफी दूर आ चुका है और उस समय की तुलना में हम आज चीन के समक्ष ज्यादा सशक्त हैं। उन्होंने इसका उदाहरण देते हुए बताया कि कैसे १९६७ में जब भारत और चीन के बीच आखिरी बार गोलीबारी हुई थी, तो चीन को ज्यादा नुकसान उठाना पड़ा था और चीन को भारत के दबाव में पीछे हटना पड़ा था। ब्रिगेडियर लाल ने पिछले वर्ष हुए डोकलाम विवाद का उदाहरण पेश करते हुए कहा कि भारत लगातार सीमा पर चीन के आँख में आँख डालता रहा है अपनी हितों की रक्षा करता रहा है। चीन की बढ़ती ताकत और सीमा पर बढता हुआ अतिक्रमण एवं कुछ मामलों जैसे लड़ाकू विमान, परमाणु - पनडुब्बी आदि में चीन की भारत के ऊपर बढ़त को लेकर भी चिंता जताई। साथ ही उन्होंने कहा कि चीन की बढ़ी अर्थव्यवस्था, उसका विशाल विदेशी मुद्रा-भंडार उसे भारत के पड़ोसी राष्ट्रों में भारतीय हित के विपरीत हस्तक्षेप करने की स्वतंत्रता देते हैं। उन्होंने कहा कि अगर भारत अपने सामरिक हितों की रक्षा करना चाहता है तो भारत को कई मोर्चों - कूटनीति, सैन्य नीति, अर्थ नीति एवं सूचना तंत्र पर एक साथ कार्य करना होगा।

प्रो राजीव ने अपने स्वागतीय सम्बोधन में कहा कि विश्वविद्यालय एवं विभाग के लिए यह बड़े ही सौभाग्य का विषय है कि हम सब को ब्रिगेडियर लाल, जिन्हें भारत चीन सीमा पर सैन्य नेतृत्व के अनुभव के साथ ही नीति निर्माण एवं शैक्षिक कार्य का भी अनुभव है, जैसे व्यक्तित्व का व्याख्यान सुनाने का मौका मिला है। विशिष्ट व्याख्यान में देश के (बिहार, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, उत्तराखण्ड, हरियाणा, राजस्थान, पंजाब, हैदराबाद, रांची, झारखण्ड आदि) प्रतिष्ठित अध्ययन संस्थानों जैसे जे०एन०यू०, बी०एच०यू एवं अन्य केंद्रीय और राज्य विश्वविद्यालयों से लगभग १५० से भी अधिक प्राध्यापकों एवं शोधार्थियों की इस वेबिनार में प्रतिभागिता भी मुद्दे की प्रासंगिकता एवं विषय की उपयोगिता को दर्शाती है।

अपने अध्यक्षीय सम्भाषण में माननीय कुलपति प्रो० संजीव कुमार शर्मा ने अपने आशीर्वचन के साथ ही विषय की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला और उम्मीद जताई कि विश्वविद्यालय के प्राध्यापक, शोधार्थी, विद्यार्थी एवं अन्य सम्मानित जन जो इस वेबिनार से जुड़े हैं, वो ब्रिगेडियर लाल के व्याख्यान से अवश्य ही लाभांवित हुये होंगे। कार्यक्रम का संचालन, राजनीति विज्ञान विभाग के सहयुक्त आचार्य डॉ० नरेंद्र कुमार आर्य ने किया, कार्यक्रम कि तकनीकी एवं शैक्षिक निरंतरता बनाये रखने का बीड़ा विभाग के ही सहायक आचार्य डॉ० नरेंद्र सिंह ने उठाया और धन्यवाद ज्ञापन विभाग की सहयुक्त आचार्य डॉ० सरिता तिवारी ने किया।

योगस्थ:कुरु कर्माणि सङ्गं त्यक्त्वा धनञ्जय!

युज्यते अनेन इति योग:!

तां योगमिति मन्यन्ते स्थिरामिन्द्रीयधारणाम्!!

युक्ति युक्तं प्रगृहणीयात् बालादपि विचक्षण:।
रवेरविषयं वस्तु किं न दीप: प्रकाशयेत्।।

महामारी, साहित्य एवं समाज पर एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय वेबिनार आयोजित





हिंदी विभाग, महात्मा गाँधी केंद्रीय विश्वविद्यालय मोतिहारी,बिहार के तत्वावधान में "महामारी,साहित्य एवं समाज" विषयक एकदिवसीय अंत. र्राष्ट्रीय वेबिनार आयोजित किया गया। वैश्विक संकट के समय में रचने, गुनने का माद्दा बेहद ज़रूरी है। इसी संकल्पना के साथ हिंदी विभाग ने अंतर्राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया। केंद्रीय हिंदी संस्थान के निदेशक प्रो. नंदकिशोर पांडेय ने अपने विस्तृत वक्तव्य में साहित्य और समाज के बीच संबंधों के सभी पक्षों पर प्रकाश डालते हुए शिक्षा के माध्यम के रूप में मातृभाषा को अपनाने की बात कही प्रो.पांडेय ने कहा कि साहित्यकार का श्रम समाज के लिए अत्यंत उपयोगी है। गाँधी, तिलक से लेकर आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी को जोड़ते हुए विषय को व्यापक आयाम प्रदान प्रदान करते हुए साहित्य की समाज के प्रति उप. ादेयता और भारतीय संस्कृति के महत्व को रेखांकित किया।

अन्तरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा के कुलपति प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल ने कहा की कोरोना ने जिस प्रकार गतिशील विश्व को एकदम से रोक दिया वह अद्भुत और अकल्पनीय घटना थी. लेकिन यह आपदा प्रकृति की देन नही है बल्कि यह विकास की गलत दिशा और दृष्टि का परिणाम है. इस आपदा ने पहली बार सभ्यता पर प्रश्न खड़ा किया है. कुछ समय से मनुष्यों को ऐसा लगने लगा था की वो प्रकृति के रहस्यों को जान गया है और वह प्रकृति से ऊपर हो गया है. लेकिन मानव इतिहास में पहली बार चिकित्सा विज्ञान खुद को असहाय महसूस कर रहा है. प्रो. शुक्ल ने इस बात को रेखांकित किया यह आपदा आने वाले समय में समाज को बदलने वाला है, अब लोग अब अपने जड़ तरफ लौट रहे हैं. हमे बाहरी चश्मों से समस्या का समाधान ना खोज कर हमे अपनी सभ्यता और संस्कृति की तरफ लौटना होगा. साहित्य को नकारात्मकता और उपदेश से उबर कर करुणा और संवेदना के स्तर पर अपनी भूमिका निभानी होगी. प्रख्यात साहित्यकार श्री तेजेन्द्र शर्मा ने अपने सारगर्भित वक्तव्य से वेबिनार को अंतर्राष्ट्रीय स्वरूप प्रदान किया। महामारी,समाज एवं साहित्य की स्पष्ट व्याख्या करते हुए अपनी व्यवस्थित बात रखी। आपने कहा कि भ्रामक सूचनाओं से बचते हुए हमें पूरा फोकस आज की आपदा पर रखना है। समाज में जिम्मेदार और गैरजिम्मेदार दोनों ही तरह के लोग रहते हैं जिसका असर हम सब पर पड़ता है। निश्चित रूप से इस समय ने सोच को बदलने पर मजबूर किया है। साहित्य एवं साहित्यकार की यात्रा को रेखांकित करते हुए श्री शर्मा ने कहा कि,साहित्यकार लगातार लिखता रहता है।

हिंदी विभाग,दिल्ली विश्वविद्यालय के अध्यक्ष एवं साहित्यकार प्रो.श्योराज सिंह बेचैन ने समाज के कटु यथार्थ की पड़ताल करते हुए अपनी बात रखी। इस दौर की खंडित सोच पर सवाल करते हुए प्रो. बेचैन ने कहा कि, विश्व के पटल पर हमारी पहचान भारतीय की है। आज मीडिया एवं समाज के दोहरे मापदंड ने जिस विभ. ाजन को जन्म दिया है,उसकी पड़ताल करने की आवश्यकता है। वरिष्ठ साहित्यकार श्री माताप्रसाद की चर्चित आत्मकथा झोपड़ी से राजभवन तक के एक अंश का पाठ करते हुए वैश्विक महामारी कोविड-१९ के भयावह दृश्यों की ओर भी ध्यान आकृष्ट किया। वेबिनार की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के यशस्वी कुलपति प्रो.संजीव कुमार शर्मा ने की। अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में प्रो.संजीव कुमार शर्मा(कुलपति,महात्मा गाँधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी,बिहार) ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रो.शर्मा ने कहा कि हमें भाषा प्रति सजग होना चाहिए। शब्दों के चयन के प्रति सतर्कता आवश्यक है। अपने भाषागत संस्कार के प्रति हम सभी को जागरूक रहना है। हिन्दी वभाग के अध्यक्ष और वेबिनार के अन्योजक प्रो. राजेन्द्र सिंह ने स्वागत भाषण और अंत में वेबिनार के सह-संयोजक डॉ. अंजनी श्रीवास्तव (एसोसिएट प्रोफेसर, हिंदी विभाग) ने आमंत्रित वक्ताओं ,देश के विभिन्न हिस्सों से जुड़े शिक्षक, शोधार्थी, छात्र/छात्राओं को धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यक्रम में कुल ५०१५ प्रतिभागियों ने ऑनलाइन पंजीकरण कराया, जिसमें प्राध्यापक वर्ग में २८४८, शोधार्थी वर्ग में ११५८, शिक्षार्थी वर्ग में ६८२ तथा अन्य वर्गों में ३०० से अधिक प्रतिभागी पंजीकृत किये गये।

योग:चित्त वृत्ति निरोध:!

संस्कृति, प्रकृति और प्रगति के अनुरूप हो शिक्षा व्यवस्था-अतुल कोठारी



केविवि और शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ राष्ट्रीय वेबिनार

किसी भी देश की शिक्षा व्यवस्था वहां की संस्कृति, प्रकृति और प्रगति के अनुरुप होनी चाहिए। प्रबंधन की भारतीय दृष्टि भारत ही नहीं पूरे विश्व के लिए उपयोगी है। आज पर्यावरण प्रबंधन में मनुष्य विफल रहा है जबकि आज से हजारों साल पहले ही हमारे मनिषियों द्वारा पर्यावरण के लिए मंत्र लिख दिया गया। भारतीय दृष्टि यह नहीं है कि समस्या खड़ी हो जाए तो हल ढूंढो, बल्कि भारतीय दृष्टिकोण यह है कि हम लोग पहले ही प्रबंधन कर लेते हैं। ये बातें शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के सचिव अतुल कोठारी ने महात्मा गाँधी केंद्रीय विश्वविद्यालयऔर शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को आयोजित राष्ट्रीय वेबिनार में बतौर मुख्य वक्ता कही। रामायण और महाभारत जैसे धर्मग्रंथों व शिवाजी और चाणक्य के जीवन में प्रबंधन की चर्चा करते हुए कहा कि प्रबंधन के विद्यार्थियों को भगवान राम के जीवन को देखना चाहिए कि बिना पर्याप्त संसाधनों के उन्होंने महा बलशाली रावण और उसकी सेना को कैसे पराजित कर दिया? उन्होंने भगवान राम के जीवन चरित्र से सबको साथ लेकर चलने और ऊंच नीच का भेद-भाव न करने की सीख लेने का आहवाहन किया।

"प्रबंध शिक्षा में भारतीय दृष्टि" विषय पर आयोजित इस वेब संगोष्ठी में प्रबंध शिक्षा, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय संयोजक प्रो. पी.एन. मिश्र ने बतौर विशिष्ट अतिथि अपने संबोधन में कहा कि कोरोना संकट के आज की इस भयंकर प्रकृति में पूरी दुनिया वही करने की सिफारिश कर रही है जो भारतीय संस्कृति में पहले से समाई हुई है। बाहर से आने पर घर के दरवाजे पर ही चप्पल उतारना, पैर-हाथ और मुहं धोना, थोड़ा पानी अपने ऊपर छिड़क लेना,थोड़ा पानी पी लेना ये हमारी संस्कृति में समाहित रहा है जबकि दुनिया अब इसका महत्व समझ पा रही है। भारतीय शिक्षा के संबंध में कहा कि मैकाले ने जो हमसे छिना, उससे उबरने में हम अब तक कामयाब नहीं हो सके हैं। उन्हा. ेने धर्मग्रंथों को प्रबंधन के पाठ्यक्रम में शामिल करने का आहवाहन किया। स्थानीय स्तर पर प्रबंधन के बारे में कहा कि हम जिनके साथ रह रहे हैं, जिनके साथ काम कर रहे हैं उनके प्रबंधन के लिए क्या कर रहे हैं, यह हमें सोचना ही होगा, इसकी अनदेखी कर आप एक सफल प्रबंधक नहीं हो सकते।

वेबिनार के मुख्य अतिथि, पंजाब विवि, चण्डीगढ़ के कुलपति प्रो.राजकुमार ने अपने संबोधन में कहा कि भारत की शिक्षा प्रणाली में मानवीय पक्ष पर जोर दिया जाता है, जिसमें अपनी इच्छाओं और आवश्यकताओं को कम करने की बात की जाती है इसमें मानवीय पक्ष सामने आता है। मानवीय पक्ष को लेकर तमाम शोध पत्र और पुस्तके आई हैं। जबकि पाश्चात्य प्रणाली में उपभोग की बात ज्यादा होती है। भारतीय दृष्टि में प्रबंधन विज्ञान उतना ही पुराना है जितना अन्य हैं। हमारा मानना है कि हमारा प्रबंधन शास्त्र गीता पर आधारित है। जिसमें कहा जाता है कि कर्म ही पूजा है। भारतीय प्रबंधन में कर्तव्य की बात गीता से आई। हमारी संस्थाएं कहती हैं कि अपने प्रमोशन के बारे में चिंता मत करो, उसकी चिंता हम करेंगे। आप अपना कर्तव्य निभाईये।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजीव कुमार शर्मा ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में वेबिनार के मुख्य वक्ता अतुल कोठारी की प्रशंसा करते हुए कहा कि आप शिक्षा के क्षेत्र में जो महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं उनसे हम सभी लोग परिचित भी हैं। सभी विद्वानों की बातों को रेखांकित करते हुए प्रबंधन विज्ञान विभाग के अध्यक्ष से कहा कि इन सुझावों को आप प्रबंधन विज्ञान के पाठ्यक्रमों में शामिल कीजिये, विवि की तरफ से हर तरह की मदद की जाएगी। प्रो. शर्मा ने इस आयोजन में शामिल सभी वक्ताओं व सहभागियों का आभार जताते हुए वेबिनार के संयोजक एवं वाणिज्य एवं प्रबंधन विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो.पवनेश कुमार की इस महत्वपूर्ण आयोजन के लिए सराहना की।

वेबिनार के संयोजक एवं संचालक प्रो. पवनेश कुमार ने अपने संक्षिप्त संबोधन में कहा कि भारतीय संस्कृति सर्वे भवन्तु सुखिन: व अतिथि देवो भव: की रही है। हमारे मनिषियों द्वारा बताये गये अस्तेय व अपरिग्रह जैसे मार्गों पर चलने का विचार पूरे विश्व में हो रहा है। उन्होंने वेबिनार में सहभागी सभी वक्ताओं के व्यक्तित्व व कृतित्व की प्रशंसा की और उनके सुविचारों से सभी सहभागियों के लाभान्वित होने की बात कही।

इससे पूर्व वेबिनार के शुरुआत में सह-संयोजक प्रो. त्रिलोचन शर्मा ने सभी अतिथियों व एवं सहभागियों का स्वागत किया और विषय के संबंध में संक्षेप में जानकारी दी। वेबिनार के सह-संयोजक डॉ.आशीष रंजन सिन्हा ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस वेबिनार में केविवि के प्रो. राजीव कुमार, डॉ. सपना सुगंधा, डॉ.अल्का लल्हाल, कमलेश कुमार, डॉ. दिनेश व्यास, डॉ.पाथलोथ ओंकार, शेफालिका मिश्रा, दीपक दीनकर, माखनलाल पत्रकारिता विश्वविद्यालय के डॉ.आदित्य मिश्रा समेत बड़ी संख्या शिक्षक, विद्यार्थी, शोधार्थी व देश के विभिन्न विवि के विद्वान ऑनलाइन उपस्थित रहे।



संगीत

संगीत जो गायन, वादन व नृत्य
का सम्मिलित रूप है
आत्मा को परमात्मा से एकाकार
करने का,देवों के देव महादेव
को मोहित करने का, कृष्ण कन्हैया के
गइयों को मंत्रमुग्ध करने का
सामर्थ्य रखता है, मुझे लगता है आपकी हीं
तरह बहुत कुछ इसका भी है
तासीर-ए-महसूसियत।

कुमारी प्राची
मीडिया अध्ययन विभाग

संस्कृत केवल साहित्य ही नहीं है अपितु सम्पूर्ण रूप से विज्ञान भी है- प्रो.बलराम सिंह



संस्कृत विभाग द्वारा पञ्चदिवसीय व्याख्यानमाला का शुभारम्भ महात्मा गाँधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय,बिहार के संस्कृत विभाग द्वारा १३-१७ जून, २०२० तक चलने वाले पञ्चदिवसीय व्याख्यानमाला का शुभारम्भ किया गया। इसके प्रथम वक्ता प्रो.बलराम सिंह प्रेसिडेन्ट ऑफ इन्सटीटयूट ऑफ एडवांस साइन्स एण्ड फौण्डिन्ग डिरेक्टर,सेन्टर ऑफ इण्डिक स्टडीज,यूएसए ने द रोल एण्ड अपॉर्च्युनिटी फ़ोर संस्कृत इयुरिन्ग कोरोना टाइम्स रिलेटेड टू साइन्स, हेल्थ एण्ड सोसायटी विषय पर अपना वक्तव्य दिया। व्याख्यानमाला में उपस्थित सभी अतिथियों, विद्वज्जनों एवं प्रतिभागियों का स्वागत एवं अभिवादन संस्कृत विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. प्रसून दत्त सिंह ने किया। उक्त व्याख्यान माला की अध्यक्षता राजनीतिविज्ञान के विशेषज्ञ तथा संस्कृत के मूर्धन्य विद्वान्, महात्मा गाँधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय के यशस्वी कुलपति प्रो. सञ्जीव कुमार शर्मा ने किया। अपने अध्यक्षीय भाषण में कुलपति महोदय ने कहा जैसे - जैसे मनुष्य शास्त्रों की तरफ बढ़ता है वैसे- वैसे ही वह विज्ञान की तरफ जाता है- यदा यदा हि मनुष्यः शास्त्रमधिगच्छति...।

प्रो.बलराम सिंह ने व्याख्यान में संस्कृत की वैज्ञानिकता पर बल देते हुए संस्कृत के शब्दों की वैज्ञानिकता, आयुर्वेद, योगसूत्र आदि पर अपना विचार व्यक्त किया। प्रो.सिंह जी ने संस्कृत में विज्ञान की विद्यमानता को स्पष्ट करते हुए कहा कि- संस्कृत में साइन्स को देखता हूँ इसलिए संस्कृत में मेरी रुचि है। उन्होंने अपने उद्बोधन में संस्कृत की वैज्ञानिकता को सिद्ध करते हुए कहा कि- संस्कृत शास्त्रों के अध्ययन से समाज की अनेकों समस्याओं का निराकरण किया जा सकता है। उन्होंने भारत सरकार द्वारा संस्कृत शब्दों को लेकर चलाई जा रही विभिन्न योगनाओं यथा- उदय, उज्जवला, हृदय, मुद्रा, आयुष आदि शब्दों की वैज्ञानिकता को भी रेखांकित किया। उन्होंने भगवद्गीता के स्वधर्मे निधनं श्रेयः परधर्मो भयावहः, योगसूत्र के योगश्चित्तवृत्ति निरोधः आदि की वैज्ञानिक व्याख्या प्रस्तुत करते हुए संस्कृत के ज्ञान से व्यक्ति के मस्तिष्क की स्थिरता से प्राप्त बल द्वारा उसमें विश्लेषणात्मक क्षमता के विकास का भी वैज्ञानिक रूप से उल्लेख किया। व्याख्यानमाला का धन्यवाद ज्ञापन विभाग के वरिष्ठ सह-आचार्य डॉ.श्याम कुमार झा ने किया। व्याख्यानमाला में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के अध्यापकगण, शोधार्थीगण एवं संस्कृत विभाग के अध्यापक डॉ.अनिल प्रताप गिरि, डॉ. बबलू पाल,डॉ.विश्वेश, तथा श्री विश्वजीत वर्मन एवं छात्रगण उपस्थित रहें।

केविवि और मायलॉफ्ट के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय वेबिनार आयोजित

किसी भी पुस्तकालय में कितना संसाधन है ये महत्वपूर्ण नहीं है बल्कि उपलब्ध संसाधनों का उपयोग पाठको के लिए कितना हैं ये ज्यादा महत्वपूर्ण है। ग्रन्थालय आज के कोविड -१९ वैश्विक महामारी में भी प्रासंगिक एवं पाठको के लिए उपयोगी है। ग्रंथालयों द्वारा पाठको तक कैसे पहुंचा जाए जब वे अपने घरों में कॉरोना वायरस के कारण बंद हो गए हैं। उक्त बातें मायलॉफ्ट के अतुल ने महात्मा गाँधी केंद्रीय विश्वविद्यालय और मायलॉफ्त के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को आयोजित राष्ट्रीय वेबिनार में बतौर मुख्य वक्ता कही। साथ ही इसके लिए उपलब्ध मायलॉफ्ट टूल्स के बारे में अमित शुक्ला और रितची ने विस्तार से चर्चा की।

"रिसर्च कंटेंट कंजप्शनस इकोसिस्टम" विषय पर आयोजित इस वेबिनर में रितवि ने विभिन्न माध्यमों में उपलब्ध संसाधनों से किस प्रकार से ग्रंथालयों के पाठक अपने से संबंधित सूचना को, ज्ञान को प्राप्त कर सकते है इसपर विचार किया और बताया।

प्रो. रंजीत कुमार चौधरी ने इस आयोजन में शामिल सभी वक्ताओं व सहभागियों का आभार जताते हुए वेबिनार के सह संयोजक डॉक्टर भवनाथ पांडेय को इस महत्वपूर्ण आयोजन के लिए प्रशंसा की। वेबिनार के सह-संयोजक डॉक्टर भवनाथ पांडेय ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस वेबिनार में केविवि के डॉक्टर मधु पटेल, डॉ. सपना समेत बड़ी संख्या में शिक्षक, विद्यार्थी, शोधार्थी व देश के विभिन्न विवि के विद्वान उपस्थित रहे।

कम्प्यूटर विज्ञान विभाग में राष्ट्रीय शोध कार्यशाला

महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के कंप्यूटर व सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा साप्ताहिक राष्ट्रीय शोध कार्यशाला का विधिवत ऑनला. इन उद्घाटन हुआ। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि विवि के माननीय कुलपति प्रो. संजीव कुमार शर्मा थे व मुख्य वक्ता आईआईआईटी बीएचयू के वरिष्ठ प्रोफेसर अनिल कुमार त्रिपाठी थे।

कार्यक्रम के आरम्भ में समन्वयक डॉ. पवन चौरसिया ने सभी अतिथियों, शिक्षकों व प्रतिभागियों का स्वागत किया। इसके बाद विभागाध्यक्ष प्रो.विकास पा.रीक ने कार्यशाला के कार्यक्रम का परिचय दिया व बताया कि भा.रत के २६ राज्यों से करीब ३०० प्रतिभागियों ने इस निःशुल्क कार्यशाला के लिये पंजीकरण किया है। तत्पश्चात संकायाध्यक्ष प्रो. अरुण कुमार भगत ने अपना वक्तव्य दिया और विभाग को इस आयोजन के लिये साधुवाद दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व विवि के माननीय कुलपति प्रो संजीव कुमार शर्मा ने अपने आशीर्वचन में कहा कि विश्वविद्यालय व विभाग द्वारा सतत ऐसे अकादमिक अनुष्ठान किये जा जा रहे है जो प्रसंशानिये है व इन आयोजनों को व्यापक स्तर पर लोक कल्याण के प्रश्नों से जोड़ने पर जोर दिय.ा। उन्होंने समाज में बढ़ती जा रही डिजिटल खाई को पाटने की समस्या पर विचार करने का आहवान किया। साथ ही देशी भाषाओं को भी कंप्यूटर से जोड़ने का सुझाव दिया। उन्होंने उदाहरण देकर साइबर ओफेंस की घटनाओं से निपटने को भी एक सामयिक चुनौती बताया। साथ ही शोध में नैतिक मूल्यों को सम्मिलित करने पर बल दिया।

